मई 2007/May 2007 HINDI
SHP: (CDB) 07/098 (Hin)

# तपेदिक की दवाईयां
# रोगियों के लिए जानकारी
# TUBERCULOSIS MEDICATIONS
# Information for patients

आप अपने तपेदिक (TB) रोग के इलाज के लिए डाक्टर द्वारा बताए गए इलाज का एक कोर्स शुरू करने जा रहे हैं। TB एक गंभीर रोग है जो इलाज न किए जाने पर आपके स्वास्थ्य को हानि पहुंचाएगा। सही दवाईयों से TB से आप पूरी तरह से मुक्त हो सकते हैं।

## निरीक्षण करना

यह महत्त्वपूर्ण है कि आप बताए गए तरीके से ही दवाई लें। दवाई को अनियमित रूप से लेने से आपका शरीर दवाई का प्रतिरोध कर सकता है जिससे आपके रोग का इलाज और मुश्किल हो सकता है।

इन समस्याओं से बचने के लिए TB के सारे इलाज का पूरा निरीक्षण होना चाहिए। इसका अर्थ है कि दवाईयां किसी नर्स या अन्य स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारी के सामने ली जानी चाहिएं। TB क्लिनिक की नर्सें आपके TB के इलाज से संबंधित किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकती हैं। वे इलाज से होने वाले किसी भी कुप्रभाव ( side effects ) का निरीक्षण करती रहेंगी और आवश्यकता पड़ने पर आपका डाक्टर से मिलने का प्रबंध करेंगी।

यह **आवश्यक** है कि आप दवा लेते रहें, जब तक कि आपके TB क्लिनिक का डाक्टर आपको दवा बंद करने को नहीं कहता (चाहे आप ठीक भी महसूस करते हों ), ताकि TB का दुबारा होना रोका जा सके।

## *मुझे यह दवाईयां क्यों लेनी चाहिएं ?*

- TB रोग से मुक्ति के लिए;
- TB के प्रतिरोधी प्रकारों को विकसित होने से रोकने के लिए; और
- TB को और आगे फैलने से रोकने के लिए।

## *TB के इलाज के लिए किन दवाईयों का प्रयोग किया जाता है ?*

TB के इलाज के लिए प्रयोग की जाने वाली दवाईयां अक्सर *एंटीबायोटिक्स* होती हैं जिन्हें Isoniazid, Rifampicin, Pyrazinamide और Ethambutol कहा जाता है। इन्हें दिन में या सप्ताह में तीन बार लेने के लिए बताया जा सकता है।

आपके डाक्टर के द्वारा बताई गई इन दवाओं को कम से कम 6 महीने अवश्य ही लेना चाहिए। कुछ विशेष मामलों में इलाज 2 साल तक चलने की आवश्यकता हो सकती है।

यदि आप किसी कारणवश क्लिनिक में नहीं आ सकते या आपकी दवाई लेने वाले दिनों में नर्स आपको घर पर नहीं देख सकती (जैसे कि यदि आपका कहीं और मिलने का समय नियुक्त है ) तो कृपया नर्सों को यह अवश्य बताएं और हम आपके लिए वैकल्पिक प्रबंध कर देंगे।

## *इतनी सारी दवाईयां इकट्ठी क्यों प्रयोग की जाती हैं ?*

TB की दवाईयां एंटीबायोटिक्स हैं। वे TB के बैक्टीरिया को मारने के लिए अलग-अलग तरीके से काम करती हैं। TB के बैक्टीरिया धीरे धीरे मरते हैं और इन बैक्टीरिया को मारने के लिए कम से कम छह महीने तक दवाईयों के सम्मिश्रण की ज़रूरत पड़ती है।

यदि दवाईयां अलग-अलग रूप से प्रयोग की जाएं तो TB के बैक्टीरिया जल्दी ही इन दवाओं के प्रतिरोधी बन जाते हैं। ऑस्ट्रेलिया में लोगों की एक छोटी संख्या को ऐसी TB है जो TB का इलाज करने वाली दवाओं की प्रतिरोधी है। यदि ऐसा हो तो अतिरिक्त एंटीबायोटिक्स का प्रयोग करना पड़ सकता है और इलाज लम्बे समय तक चल सकता है।

## *TB का इलाज कराते समय बरती जाने वाली सतर्कताएं*

इन दवाओं के सेवन के साथ शराब व पैरासिटामोल लेने से गड़बड़ हो सकती है। जब आप TB की दवा ले रहे होते हैं तो शराब पीने से या पैरासिटामोल लेने से प्रतिक्रिया या कुप्रभाव हो सकता है, जो आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। आपसे इलाज के दौरान, शराब न पीने की सिफ़ारिश की जाती है।

कृपया ध्यान दें कि इलाज के दौरान माहवारी भी अनियमित हो सकती है। स्त्रियों से TB के दौरान गर्भवती न होने की सिफ़ारिश की जाती है। मुंह से ली जाने वाली गर्भनिरोधक गोली का असर Rifampicin से कम हो जाता है जिससे गर्भनिरोध के इस तरीके पर निर्भर नहीं कर सकते। TB का इलाज करा रही स्त्रियों को गर्भनिरोध का वैकल्पिक तरीका प्रयोग करने की सिफ़ारिश की जाती है। अपने डाक्टर से वैकल्पिक गर्भनिरोध के विषय में बात करनी चाहिए।

यदि आप **गर्भवती** हो जाएं या **स्तनपान** करा रही हों तो अपने TB क्लिनिक के डाक्टर को तुरंत बताऐं। आपके द्वारा ली जा रही दवाओं को बदलने की जरूरत हो सकती है।

संभावित कु-प्रभावों को देखने के लिए खून की नियमित रूप से जांच की आवश्यकता हो सकती है। आपका डाक्टर आपकी यह जांच करवाने का प्रबंध करेगा।

**दवाईयों के पारस्परिक प्रभाव**
यदि आप कोई अन्य दवा ले रहे हैं या जड़ी बूटी से बनी औषधियों का प्रयोग कर रहे हैं तो आपके TB डाक्टर को यह बताना आवश्यक है ताकि हम आपके TB इलाज पर अन्य दवाओं से होने वाले असर का मूल्यांकन कर सकें।

अम्लनाशकों ( Antacids )को जिनमें अल्यूमिनियम के अवयव होते हैं ( जैसे कि Gaviscon ) TB की दवा लेने के दो घंटे तक नहीं लिया जाना चाहिए। मैथाडोन उपचार भी TB की दवाओं के साथ प्रतिक्रिया कर सकता है। Diabetes, Parkinson’s disease, HIV, epilepsy या cardiac conditions के इलाज के लिए ली जाने वाली कुछ दवाईयां भी TB की दवाओं के बीच प्रतिक्रिया हो सकती है। यदि आप इन में से किसी भी रोग का इलाज करवा रहे हैं तो यह आवश्यक है कि आप अपने TB के डाक्टर को बताऐं।

## *दवा कैसे लें*

दवाईयों का सही असर तब होता है जब आप उन्हें खाने से **एक** घंटा पहले या **दो** घंटे बाद इकट्ठे ही लें और अच्छा होगा कि पानी के साथ लें। आदर्श रूप से दवाईयां प्रतिदिन एक निश्चित समय पर ही ली जानी चाहिऐं।

जिन रोगियों को मितली होती है वे हल्के भोजन (जैसे कि सूखा टोस्ट) के साथ दवाईयां ले सकते हैं। यदि आपको मितली हो रही है **तो** यह आवश्यक है कि आप नर्स या डाक्टर को बताऐं।

यदि आपको दवाई लेने में परेशानी हो रही है तो कृपया इस विषय में नर्स या TB के डाक्टर से बातचीत करें।

## *TB की दवाईयों के कु-प्रभाव*
जैसे कि सब दवाईयों के साथ होता है, TB का इलाज करने वाली दवाऐं कभी-कभी कुछ लोगों पर कु-प्रभाव करती हैं। यदि ऐसा हो तो तुरंत ही TB क्लिनिक में डाक्टर या नर्सों को इसकी रिर्पोट करें।

यदि आप कुछ असामान्य लक्षणों का अनुभव करें या किसी कारणवश ठीक महसूस न करें तो कृपया अपनी TB नर्स या डाक्टर से इसके बारे में बात करें। यदि आपको तत्काल ही काम के घंटों के बाद डाक्टरी मदद चाहिए तो **अपनी TB दवाईयों की सूची** के साथ अपने स्थानीय अस्पताल के आपातकालीन विभाग में जाऐं।

जिन कु-प्रभावों के होने की संभावना है उनमें निम्न शामिल हो सकते हैं पर ये कु-प्रभाव इन तक सीमित नहीं ः

- दाने और खुजली
- मितली (बीमार महसूस करना ), भूख न लगना
- त्वचा व आंखों में पीलापन
- अत्यधिक थकावट
- धुंधली दृष्टि, रंग देखने में गड़बड़
- अनियमित महावारी
- दस्त
- असामान्य जोड़ों का दर्द / गठिया
- बुख़ार, सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द
- नील पड़ते जाना

जब लोग TB का इलाज कराते हैं तो सामान्यतः आँसूओं, नर्म कांटेक्ट लैन्सों, थूक व पेशाब का रंग संतरी हो जाता है और यह कोई चिंता की बात नहीं है।

**कृपया अपने इलाज के किसी भी पहलू पर अपने TB के डाक्टर या क्लिनिक नर्स से बातचीत करने में न हिचकिचाऐं।**

**संदर्भ:**


1. Therapeutic Guidelines, Antibiotic, Version 12, 2003
2. Department of Health, Controlling Tuberculosis in NSW 2005